पंजाब केसरी 10/11/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

» छात्रों को नौकरी के अवसरों की पहचान करने में मदद करना ही सी.आर.सी. यूनिट का मुख्य उद्देश्य

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 9 नवम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज की सी.आर.सी. यूनिट एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के सहयोग से एक्सपोर्ट सॉफ्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। युवा व्यक्तियों के कौशल को बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने एक्सपोर्टसॉफ्ट के डायरैक्टर सुनील ओरी के साथ एक समझौता ज्ञापन, एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए, जो एक सी.आर.सी. पहल है।

सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साझेदारी से क्षेत्र में युवा वयस्कों के लिए कौशल अंतर को पाटने और रोजगार क्षमता को बढ़ाकर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की उम्मीद बढ़ेगी। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर ने कहा कि इस समझौते से छात्रों के लिए बातचीत करने और आवश्यकताओं और उपलब्ध अवसरों को समझने का एक मार्ग तैयार होगा।

कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने कहा कि छात्रों को नौकरी के अवसरों की पहचान करने में मदद करना ही सी.आर.सी. यूनिट का मुख्य उद्देश्य है। टी.पी.ओ. प्रो. कमलप्रीत कौर ने बताया कि कम्पनी में नए नौकरी चाहने वालों के लिए नौकरी के संभावित अवसर हैं। इस आयोजन से संगठन और छात्रों को एक-दूसरे को स्वीकार करने में मदद मिलेगी। भविष्य में भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के अहम कदम उठाने के कॉलेज हमेशा अग्रसर रहेगा।

इस अवसर पर सी.आर.सी. के सदस्य प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. जस्मिता, डा. नियति, डा. अंशु, प्रो. रितिका विशेष रूप से उपस्थित रहे।